रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2024 / 1912 जबलपुर दिनांक 6/3/2024

अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त जिलों के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2023–24 की मार्च–अप्रैल, 2024 की वार्षिक पद्धति (NEP) नई शिक्षा नीति के बी.ए. / बी.काम. / बी. एससी. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए. / बी.एच.एससी. / बी.काम. आनर्स तृतीय वर्ष नियमित छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाईन के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है, यथा :–

तिथि एवं शुल्क का विवरण :–

आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	13.03.2024 से 26.03.2024 तक
विलंब शुल्क 100 / – के साथ	28.03.2024 तक
विलंब शुल्क 750 / – के साथ	30.03.2024 तक

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000 / – देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरणः–	नियमित छात्र
01. बी.ए. / बी.काम. / बी.काम. आनर्स तृतीय वर्ष	2340 / –
02. बी.एससी. / बी.एच.एससी. तृतीय वर्ष वर्ष	2440 / –
03. बी.बी.ए. / बी.सी.ए. तृतीय वर्ष वर्ष	3330 / –

1. छात्र / छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करने हेतु प्रत्येक छात्र के पृथक–पृथक एप्लीकेशन आईडी से परीक्षा फार्म अप्रूवल करने के पूर्व महाविद्यालय यह सुनिश्चित करे की छात्र / छात्रा का इलेक्ट्रिव विषय सही है कि नहीं परीक्षण करने के उपरांत ही परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करना सुनिश्चित करें ।

1. महाविद्यालय / विभाग अपने यहां प्रत्येक प्रवेशित छात्रों के परीक्षा संचालन शुल्क 200 / –रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50 / – रूपये कुल 250 / – रूपये महाविद्यालय स्तर पर जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 200 / – रू. में से 120 / – रू. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप जमा करायेंगे एवं 80 / – रू. महाविद्यालय प्रयोगिक परीक्षाओं हेतु व्यय करेंगा।
2. छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन / अनक्रमांक नम्बर के आधार पर एम.पी.आनलाईन के क्योस्क के माध्यम से उपर उल्लेखित निर्धारित शुल्क का भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे तथा online आवेदन की हार्ड कापी पूर्व परीक्षा की अंकसूची के साथ महाविद्यालय में जमा करें।
3. महाविद्यालय / विभागाध्यक्ष छात्र / छात्राओं की पात्रता निर्धारण करते हुए आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों को अपने स्तर पर अनुमोदित (Approvel) करेंगे तथा सूची के साथ हार्ड कापी एवं मूल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 01 अप्रैल, 2024 तक आवश्यक रूप से संबंधित कार्य सहायकों के पास जमा करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् रू0 100 / – विलंब शुल्क देय होगा ।

प्राचार्य / विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :–

विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय / विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में एवं अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit)** का **www.abc.gov.in** पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।

रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र / छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र / छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें ।

आदेशानुसार,

उप–कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2024/1912"अ"

जबलपुर दिनांक 6/8/2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :–

1. प्राचार्य समस्त संबंद्ध महाविद्यालय रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
2. नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन रा.दु.वि.वि.जबलपुर
3. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
4. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय बेबसाईट पर अपलोड करे।
5. सुदृढ कक्ष/विश्वविद्यालय प्रेस/समस्त कार्यसहायक(परीक्षा) रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर